# सिरमौर में बस ट्रक और टैक्सी चालकों की हड़ताल जारी, शिलाई में चालकों और पुलिस में हाथापाई

## 'ड्राईवर भाईयों के साथ अत्याचार जो हमारे काले कानून को केन्द्र सरकार ने हमारे ऊपर लागू किया'

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ**

**चालक-परिचालक यूनियन** पांवटा साहिब द्वारा आज ऑल इंडिया चक्का जाम के तहत बस स्टैंड पर धरना प्रदर्शन किया। तहसीलदार पांवटा को ज्ञापन के माध्यम से यूनियन ने कहा कि भारत देश में हो रहा ड्राइवर भाईयों के साथ अत्याचार जो हमारे काले कानून को केन्द्र सरकार ने हमारे ऊपर लागू किया है। प्राप्त समाचारों के अनुसार शिलाई में चालकों और पुलिस के बीच हाथापाई हुई है। इस कानून का पूरे देश भर के ड्राइवर यूनियन विरोध करती है। जिसके कारण पूरे देश भर में चक्का जाम कर रहे है। बस यूनियन पूरे कंधे से



कंधा मिलाकर इस फैसले को जमकर विरोध करेंगे। यूनियन का यहां चक्का जाम का फैसला तब तक नहीं बदलेगा जब तक केंद्र सरकार ने जो हमारे उपर जो काला कानून लागू किया है उसे वापस नहीं ले लेती। यूनियनें का कहना की केंद्र सरकार और मोदी सरकार द्वारा बनाया गया यह कानून केवल गरीबों पर ही लागू हुआ है जो कि सरासर गलत है। यूनियन के सदस्य टेकचंद राजपूत ने बताया सरकार द्वारा बनाए गए इस कानून में गरीब परिवार के बेटे और उसके परिवार का शोषण हो रहा है यदि वे 5 लाख जुमार्ना और 10 साल की सजा काटेंगे तो उनके परिवार का भरण पोषण कौन करेगा। कोई भी अमीर घर का बेटा या आप शौक से ट्रक व बस ड्राइवर नहीं बनता है वह अपनी मजबूरी के चलते एक ड्राइवर बनता है जब तक एक ड्राइवर शाम को अपने घर नहीं पहुंच जाता तब तक उसके परिवार का एक-एक सदस्य उसकी वापस लाने की रह तकता है। कोई भी गरीब का बेटा या भाई यह कतई नहीं चाहेगा की वह घर से निकल कर कम पर गया है तो कोई अपराध करेगा यदि जाने कोई दुर्घटना हो जाती है तो इसमें वह जानबूझकर अपराधी नहीं है। जब तक सरकार अपना यह फैसला वापस नहीं लेती तब तक बस यूनियन लगातार अपना धरना प्रदर्शन करने में लगी रहेगी। इस दौरान बस यूनियन से राजेश ठाकुर, पिंटू धनबीर, पुनीत शर्मा, बलदीप, विजेंद्र, सहित आदि शामिल रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने तुलड़-कुडेरा संपर्क मार्ग का किया भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**विधानसभा अध्यक्ष** कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को ग्राम पंचायत घटासनी में लगभग 1 करोड़ रूपयों की राशि से निर्मित होने वाले तुलड़-कुडेरा संपर्क मार्ग का भूमि पूजन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस मार्ग के निर्मित होने से तुलड़, कुडेरा, बासी, बनोइ गांव की 2000 से अधिक आबादी को सडक सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने इस संपर्क सडक मार्ग को बनोइ गांव तक विस्तार दिया जाएगा।कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मात्र एक वर्ष के कार्यकाल में ही 26 संपर्क सडकों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जारी वित्त वर्ष के दौरान इन सडक परियोजनाओं पर 134 करोड़ रूपयों की धन राशि व्यय की जा



रही है। साथ में उन्होंने ये भी कहा कि जून 2027 तक भटियात विधानसभा क्षेत्र में सडक सुविधा से वंचित सभी गांव को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाएगा।विभागीय विकास कार्यों का जिक्र करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ककीरा के लिए लगभग 24 करोड़ रूपयों की राशि से निर्मित होने वाली सीवरेज योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को जल्द स्वीकृति प्रदान की जाएगी। साथ में ऊपरली तथा निचली बडिंगी गांव को एक करोड़ 18 लाख की राशि से निर्मित होने वाली नई पेयजल योजना का भी जल्द लोकार्पण होगा। इस योजना के तहत 90 प्रतिशत से अधिक कार्य को संपूर्ण कर लिया गया है।

# 1 करोड़ 97 लाख 37 हजार की लागत से निर्मित 6.195 किलोमीटर तेलंगी कंडा सम्पर्क सड़क का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

**राजस्व, बागवानी** एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने गत शाम 1 करोड़ 97 लाख 37 हजार की लागत से निर्मित 6.195 किलोमीटर तेलंगी कंडा सम्पर्क सडक का उद्घाटन व 82 लाख 54 हजार 500 की लागत से निर्मित होने वाले 0.860 किलोमीटर एनएच-505 से नमे तेलंगी दाखो सम्पर्क सडक का शिलान्यास किया।राजस्व मत्रीं ने तेलंगी में जनता की समस्याए सुनी व लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में बागवानी क्षेत्र



को सुदृढ़ करने व बागवानों की आय बढ़ाने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार एचपीएमसी के माध्यम से सस्ती दरों पर बागवानी उपकरण, खाद और कीटनाशक उपलब्ध करवा रही है। उन्होनें कहा कि किसान उत्पादक संगठनों के सहयोग से किन्नौर जिले के भावानगर, में ग्रेडिंग व पैकिंग हाउस, वातानुकूलित व शीत भण्डार स्थापित किया जाएगा तथा आने वाले समय में मूरंग के समीप रेता खान के पास भी ग्रेडिंग व पैकिंग हाउस,वातानुकूलित व शीत भण्डार स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

# पेट्रोलियम पदार्थों की सीमित मात्रा में बिक्री के आदेश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**जिला दंडाधिकारी** सिरमौर सुमित खिमटा ने ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल के कारण गत दो दिनों से पेट्रोलयम पदार्थों की आपूर्ति में आ रही बाधा के कारण वांछित मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता न होने के दृष्टिगत जिला सिरमौर में सभी पेट्रोल पंपों में पेट्रोलियम पदार्थों की सीमित मात्रा में विक्रय करने व वांछित मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ आरक्षित (रिजर्व) रखने के आदेश जारी किये हैं। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार 25 हजार से



अधिक की स्टोरेज टैंक क्षमता वाले पेट्रोल पंप में कम से कम 3 हजार लिटर डिजल तथा दो हजार लिटर पेट्रोल रिजर्व रखने के आदेश दिए गए हैं। इसी प्रकार 25 हजार से कम की क्षमता के स्टोरेज टैंक में कम से कम दो हजार लिटर डिजल तथा एक हजार लिटर पेट्रोल रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेशों के अनुरूप किसी भी डीलर को किसी भी वाहन में एक समय में दस लिटर से अधिक पेट्रोल न भरने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति केवल अपने वाहन के फयूल टैंक में पेट्रोल/डीजल डलवाने के लिए अधिकृत होगा और किसी भी प्रकार के कंटेनर में पेट्रोलियम पदार्थ ले जाने की स्वीकृति नहीं होगी। आपातकालीन वाहन जैसे एंबुलेंस, फ ायर, जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति करने वाले वाहन व पब्लिक ट्रांसपोट वाहनों को पेट्रोलिय पदार्थों के आवंटन में प्राथमिकता

प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यदि कोई भी डीलर पेट्रोलियम पदार्थों की जमाखोरी और ब्लैकमार्किटिंग में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ विधि के अनुरूप कार्यवाई अमल में लाई जायेगी।

# ट्रैवलर गाड़ी के चालक और पंजाब के चालक के बीच ओवरटेक को लेकर खूनी संघर्ष



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**हिमाचल प्रदेश** के मंडी जिला में ट्रैवलर गाड़ी के चालक और पंजाब की गाड़ी के परिवार के बीच ओवरटेक को लेकर कहा सुनी हुई। बताया जा रहा है कि ओवरटेक को लेकर दोनों चालक बीच रोड में आपस में भिड गए। देखते ही देखते दोनों में लड़ाई इतनी भयंकर हो गई कि दोनों चालक ब्यास नदी में जा गिरे। घटना शाम 7:30 बजे के करीब की बताई जा रही है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे पर पंजाब नंबर की फ ॉर्चूनर गाड़ी व हिमाचल नंबर की ट्रैवलर मनाली से पंजाब की ओर जा रहे थे। मंडी शहर से महज 3 किलोमीटर दूर बिंद्राबनी के पास दोनों गाडियों के चालक ओवरटेक को लेकर आपस में भिड़ गए। इस दौरान लड़ते हुए दोनों चालक ढांक से गिरकर ब्यास नदी में जा गिरे। मौके पर मौजूद लोगों ने जैसे ही दोनों चालकों को ब्यास नदी में गिरते देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। घटना की सूचना मिलने के उपरांत एसडीआरएफ स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गए हैं और दोनों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंची एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीम को ब्यास नदी की ओर खून से सना हुआ जूता और एक मोबाइल मिला है। अंधेरा होने के कारण दोनों को तलाशने में दिक्कत आ रही है। एएसपी अमित यादव ने बताया की गत रात्रि 8 बजे उन्हें इस घटना की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस द्वारा रात 1 बजे तक सर्च ऑपरेशन जारी रहा। कड़ाके की ठंड के बीच इस ऑपरेशन को रोकना पड़ा इसके बाद सुबह 8 बजे से दोबारा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम द्वारा व्यास नदी पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। वोट के माध्यम से भी लापता चालकों की तलाश जारी है।

# खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण अधिनियम की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**उपायुक्त शिमला** आदित्य नेगी ने गत दिवस को अपने कार्यालय कक्ष में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण अधिनियम 2006 के संदर्भ में बैठक ली। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम शिमला को निर्देश दिए गए है कि सभी खाद्य पथ विक्रेताओं का पंजीकरण किया जाए तथा समय-समय पर इनके औचक निरीक्षण करने पर बल दिया जाए। इस कड़ी के अंतर्गत नगर निगम शिमला क्षेत्र में 430 पंजीकरण किए गए हैं तथा 302 लाइसेंस प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला शिमला में खाद्य पथ विक्रेताओं के 3870 पंजीकरण किए गए हैं और 333 लाइसेंस प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिनियम पर जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है। आदित्य नेगी ने बताया कि राजधानी शिमला के साथ लगते पर्यटन स्थलों कुफ री, नालदेहरा व मशोबरा में खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण के तहत 267 खाद्य पथ विक्रेताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा नगर निगम शिमला में 300 खाद्य पथ विक्रेताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि मोबाइल खाद्य जांच लैब द्वारा नगर निगम शिमला क्षेत्र में 326 सैंपल जांचे गए हैं और जिला में 600 सैंपल की जांच की गई है।उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर नगर निगम शिमला क्षेत्र में रेस्तरां व ढाबों का खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में औचक निरीक्षण करते है ताकि स्थानीय जनता के स्वास्थ्य से कोई खिलवाड़ न हो।

## परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारियों ने राज्यपाल से भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**राज्यपाल शिव** प्रताप शुक्ल से आज राजभवन में हिमाचल कैडर के परिवीक्षाधीन भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इन परिवीक्षाधीन अधिकारियों में अभिषेक, गौरवजीत सिंह और मेहर पंवर शामिल थे। राज्यपाल ने आईपीएस अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि समाज को उनसे बहुत आशाएं हैं और जिले में एक अधिकारी के रूप में लोग उन पर विश्वास करते हैं और अपनी सुरक्षा चाहते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे समर्पण व निष्ठा के साथ कार्य करें और भ्रष्टाचार मुक्त समाज तथा हिमाचल को नशा मुक्त बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

# मंडी जिले में पेट्रोल पंप्स ऑपरेटर्स को पेट्रोल-डीजल का न्यूनतम रिजर्व बनाए रखने के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**जिला दंडाधिकारी** मंडी अरिंदम चौधरी ने ट्रक चालकों की हड़ताल के दृष्टिगत जिले के पेट्रोल पंप्स ऑपरेटर्स को आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए पेट्रोल-डीजल का न्यूनतम रिजर्व बनाए रखने के आदेश दिए हैं।


उन्होंने हड़ताल के कारण जिले में पेट्रोल डीजल आपूर्ति की संभावित कमी और आपातकालीन तथा आवश्यक सेवाओं पर उसके असर को देखते हुए यह आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार पेट्रोल पंप्स ऑपरेटर्स को पंप की भंडारण क्षमता के मुताबिक आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए न्यूनतम रिजर्व रखने को कहा गया है। 25000 लीटर से अधिक भंडारण क्षमता के पेट्रोल पंप्स में 3000 लीटर डीजल और 2000 लीटर पेट्रोल तथा 25000 लीटर से कम भंडारण क्षमता के पेट्रोल पंप्स में 2000 लीटर डीजल और 1000 लीटर पेट्रोल रिजर्व रखने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा आदेश में यह भी हिदायत दी गई है कि कोई भी डीलर एक समय में 10 लीटर से अधिक रिफि लिंग ना करें।

अतिआवश्यक होने की स्थिति में संबंधित एसडीएम की पूर्व मंजूरी आवश्यक होगी। पेट्रोल डीजल को किसी भी प्रकार के कंटेनर में भरकर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। आपातकालीन वाहनों एम्बुलेंस, फ ायरब्रिगेड और सार्वजनिक परिवहन को तेल भरवाने में प्राथमिकता दी जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### गिरीपार क्षेत्र को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने पर किया केंद्र का आभार: मेलाराम शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



**सिरमौर जिला** भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने केंद्र सरकार और पूर्व भाजपा सरकार का सिरमौर जिला के गिरी पार क्षेत्र के हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा लगभग 4 महीने तक लटकाने और भटकाने के उपरांत आज अंततः केंद्र सरकार का स्पष्टीकरण आने के बाद उसे उसी तरह अक्षर लागू किया गया जिस प्रकार उसे लोकसभा और राज्यसभा द्वारा पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि केंद्र और हिमाचल में कांग्रेस सरकारों ने इस मुद्दे को लगभग 6 दशक तक लटका के रखा और जब-जब भी केंद्र सरकार द्वारा गिरीपार के हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के लिए कोई सूचना मांगी गई तब तब हिमाचल की कांग्रेस सरकारों द्वारा इस मुद्दे को लटकाने और भटकाने के उद्देश्य से बड़ाभंगालए डोडरा कवार और काशापाट जैसे क्षेत्रों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के अवांछित मुद्दे अकारण बीच में डालकर हाटियों की मांग को लटकाने के कुप्रयास किए गए।

मेलाराम शर्मा ने बताया कि केंद्र से स्पष्टीकरण आने के उपरांत अब हिमाचल सरकार के पास इसे और आगे लटकाने के लिए कोई बहाना नहीं था इसलिए हाटी समुदाय के लोगों के संघर्षों के दबाव में आकर अंततः प्रदेश सरकार को इस लागू करना पड़ा। उन्होंने प्रदेश में कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान के उस वक्तव्य पर भी तंज कसा जिसमें उन्होंने साफ शब्दों में कहा था कि वह तो हाटी के मुद्दे को करना ही नहीं चाहते। जिला प्रवक्ता ने गिरी पार क्षेत्र के हाटी समुदाय को जनजाति वर्ग में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाहए जेपी नड्डाए हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और हाटी पुत्र बलदेव तोमर का धन्यवाद किया है और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पूर्व में हिमाचल सरकार और वर्तमान में केंद्र सरकार को आने वाली पीढि?ां युगों युगों तक याद करेगी।

# सिरमौर की 23 प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं का हुआ कंप्यूटरीकरण

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**भारत सरकार** के सहकारिता मंत्रालय के द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियां को सुदृढ़ करने की योजनाओं ने अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया है। जिला सिरमौर सहायक पंजीयन सहकारी सभाओं के अंतर्गत जिला के 6 ब्लॉक की 23 प्राथमिक सहकारी समितियां को कंप्यूटर कृत कर दिया गया है। हालांकि कंप्यूटरीकरण के माध्यम से पैक्स का सुदृढ़ीकरण किए जाने का यह पहला चरण है, बावजूद इसके विभाग ने बेहतर प्रदर्शन के साथ जागरूकता अभियान को भी शुरू किया है। बता दें कि पैक्स को




एकल राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर नेटवर्क के माध्यम से सीधे-सीधे नाबार्ड से जोड़ा जा रहा है। इस योजना के तहत समिति को कंप्यूटर और हार्डवेयर दिया जाता है। असल में नाबार्ड के द्वारा इंटीग्रेटेड सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। जिसके तहत न केवल प्राथमिक सहकारी समितियां आर्थिक रूप से मजबूत होगी बल्कि इससे दक्षता और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। जिला सिरमौर में कलेक्टर व सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं के अंतर्गत 314 सोसाइटी रजिस्टर्ड है।

# हिट एंड रन: निजी वाहन चालकों में भारी रोष देखने को मिला

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**केंद्र सरकार** द्वारा हिट एंड रन विधेयक लाने के विरोध में जिला चंबा निजी वाहन चालकों में भारी रोष देखने को मिला है तथा इसका असर भी साफ दिखाई देने लगा है। जिला चंबा प्राइवेट बस चालक यूनियन में इस कानून को वापस लेने की मांग की है तथा साफ किया है कि जब तक यह कानून वापस नहीं होगा वह गाडि?ों के स्टेरिंग नहीं संभालेंगे। इस कारण मंगलवार को जिला चंबा में यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। किसी ओर से भी गाडि?ों की आवाजाही न हो सकी। उधर दूसरी तरफ पेट्रोल पंपों में भी तेल डलवाने के लिए गाडि?ों की लंबी कतारें देखी गई। कार,



स्कूटर, स्कूटी मोटरसाइकिल सहित अन्य वाहन भारी संख्या में पेट्रोल पंपों के बाहर दिखाई दिए हर कोई अपनी गाड़ी में टंकी फुल करने के चक्कर में रहा। चंबा शहर में लगभग सभी पेट्रोल पंपों में पेट्रोल की किल्लत साफ नजर आई कई जगह तो पंप मालिकों ने कार में 500 तथा दो पहिया वाहनों में 200 रुपए से ऊपर पेट्रोल देने की शर्तें लगाई ताकि सभी को पेट्रोल मुहैया करवाया जा सके। मगर पेट्रोल पंप मालिकों के अनुसार उनके पास तेल का स्टॉक मात्र दो घंटे तक ही सीमित रह गया है। ऐसे में हड़ताल के समाप्त होने की भी कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही। लिहाजा समझा यह जा रहा है कि आने वाले दिनों में आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उधर निजी बस चालकों ने साफ कर दिया है कि जब तक यह कानून वापस नहीं होता तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी तथा कोई गाड़ी नहीं चलेगी इसके विरोध में मंगलवार को भी इस कानून के विरुद्ध केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी हुई।

# सिरमौर में नौकरी के सीमित संसाधन जबकि 56 हजार के लगभग बेरोजगार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**जिला सिरमौर में** 55744 महिला तथा पुरुषों बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई है। सीमित संसाधनों और उद्योगों में निवेश की कमी के चलते रोजगार की आस पर भी दूर दूर तक निराशा ही नजर आ रही है। जिला के दो प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र में कुल 1100 के लगभग औद्योगिक इकाइयां हैं। जिला रोजगार कार्यालय में रजिस्टर्ड कुल बेरोजगारों के अलावा जिला की 916 औद्योगिक इकाइयों में 25860 के लगभग बेरोजगारों को रोजगार मिला हुआ है। बड़ी बात तो यह है कि निजी क्षेत्र में रोजगार पाने वाले युवाओं में अधिक संख्या साथ लगते पड़ोसी राज्यों के युवा युवतियों की है।




औद्योगिक इकाइयों में 70 फ ीसदी हिमाचली युवाओं को रोजगार की गारंटी का अगर फि गर देखा जाए तो यह 5 फ ीसदी भी नहीं बन पाता है। वहीं पर्यटन सहित अन्य रोजगार परक संसाधनों के उचित दोहन तथा सरकार की इच्छा शक्ति की कमी के चलते कोई भी योजना सिरे नहीं चढ़ पा रही है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत स्वयं रोजगार अप्लाई करने वाले जिला के स्थानीय निवेशकों की संख्या भी एक दर्जन का आंकड़ा पार नहीं कर पा रही है। हालत यह है कि जिला में 4870 पोस्ट ग्रेजुएट 9984 ग्रेजुएट तथा जमा कक्षा उत्तीर्ण करने वाले 27186 युवा युवतियों सहित दसवीं पास 11561 और दसवीं क्लास से नीचे 2136 युवा युवती ही जिला रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हैं। जिला श्रम एवं रोजगार कार्यालय में सात अनपढ़ भी है जिन्होंने नौकरी की इच्छा जताई है। जातिगत आरक्षण के आधार पर इनमें से शेड्यूल कास्ट बेरोजगार की संख्या 16885 और जनजाती बेरोजगारों की संख्या 567, ओबीसी 12659 तथा अन्य 25 633 बेरोजगार रजिस्टर्ड है। कुल बेरोजगारों की संख्या में पुरुषों की संख्या 28950 जबकि महिला बेरोजगारों की संख्या 26794 है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों की बात की जाए तो शहरी क्षेत्र के 6512 तथा ग्रामीण क्षेत्र के 49232 यानी सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के युवा युवती बेरोजगार हैं।

# पुराने कार्यों को जल्द पूरा करें, नए कार्यों की रूपरेखा बनाएं: इंद्र दत्त लखनपाल

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

**बड़सर** के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने उपमंडल स्तर के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें विभिन्न विकास कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। विधायक ने बड़सर उपमंडल के अधिकारियों को दिए नए बजट की तैयारी के निर्देश उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे पुराने कार्यों को अतिशीघ्र पूरा करें और अगले वित्तीय वर्ष के लिए भी अभी से ही तैयारियां कर लें। इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि आने वाले महीनों में नया बजट भी आ जाएगा, जिससे क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों को गति मिलेगी। सभी अधिकारी नए वित्तीय वर्ष के लिए नए विकास कार्यों की रूपरेखा अभी से बनाना शुरू कर दें, ताकि बजट मिलते ही इन कार्यों को तुरंत शुरू किया जा सके। इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी



विकास के लिए व्यापक एवं दीर्घकालीन परियोजनाएं बनाई जा रही हैं।

इन सभी परियोजनाओं को चरणबद्ध ढंग से अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़सर और बिझड़ी में अस्पताल भवनों का विस्तार किया जाएगा तथा क्षेत्र की विभिन्न सडकों के सुदृढ़ीकरण के लिए भी करोड़ों रुपये की डीपीआर बनाई गई हैं। क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी बड़ी-बड़ी योजनाओं पर कार्य किया जाएगा। इनके अलावा कई अन्य विकास कार्यों की डीपीआर भी तैयार की गई हैं। इन सभी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने के लिए संबंधित अधिकारी तेजी से कार्य करें।

बैठक में विधायक ने सभी अधिकारियों से उनके विभागों से संबंधित कार्यों का विस्तृत ब्यौरा और ताजा स्थिति की जानकारी भी ली।

# अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति ने मां दुर्गा लंगर कमेटी को भेंट किए बर्तन



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

**मानवता सेवा**

**8 बिजली महंत की अगवाई में मंगलवार को 50 थालियां और 50 स्टील के गिलास संचालकों को सौंपे**

**पीड़ित मानवता की** सेवा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने वाली बिलासपुर जिला की अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति ने जिला अस्पताल में लंगर लगाने वाली मां दुर्गा लंगर समिति को बर्तन भेंट किए हैं। अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति की अध्यक्षा बिजली महंत की अगवाई में मंगलवार को 50 थालियां और 50 स्टील के गिलास मां दुर्गा लंगर कमेटी के संचालकों को सौंपे। अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति के प्रवक्ता तनुज सोनी ने बताया कि अध्यक्षा बिजली महंत समाज की सेवा में सदैव आगे रहती हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी के लिए सहयोग करना इनकी प्राथमिकता है। इन्होंने अब तक अनगिनत बेटियों की शादियां करवा कर उनके घर बसाए हैं। जबकि बेटियां अपने पैरों पर खड़ी हो सके इसके लिए सिलाई सेंटर खोलकर उन्हें इस कार्य में भी निपुण किया जाता है। तनुज सोनी ने बताया कि बिजली महंत अस्पताल में जरूरतमंद लोगों को दवाई तथा गर्म वस्त्र आदि आए दिन भेंट करती हैं। यही नहीं समाजिक मसलों पर भी होने वाले संघर्षों में बिजली महंत सदैव प्रथम पंक्ति में खड़ी मिलती हैं। वहीं मां दुर्गा लंगर समिति जिला अस्पताल में आने वाले लोगों तथा तिमारदारों के लिए भोजन की व्यवस्था करती है।

जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। यह सेवा पूर्ण रूप से निशुल्क है। इस अवसर पर अर्धनारेश्वर सेवा समिति के पदाधिकारियों में संगठन सचिव सुमन, सचिव पवन, कोषाध्यक्ष राकेश चैधरी व संस्था के प्रेस सचिव तनुज सोनी जबकि दुर्गा लंगर समिति की ओर से प्रधान गंगा राम वर्मा, अध्यक्ष ललित कुमार डोगरा, सचिव भूपेंद्र टाडू, विवेक वर्मा, गोपाल राणा व गिरधारी लाल आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में बर्फबारी का इंतजार रहेगा बरकरार, गत तीन माह में सामान्य से कम हुई बारिश

## 7 जनवरी तक मौसम साफ, मैदानी इलाकों के लिए अलर्ट जारी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** में लोगों की इस बार भी व्हाइट क्रिसमस और नववर्ष पर बर्फ बारी की ख्वाहिश अधूरी रह गई। गत वर्ष भी यह आस पूरी नही हो सकी थी। आने वाले दिनों में भी बर्फ बारी और बारिश के कोई आसार नही बन रहे हैं। मौसम विभाग ने 7 जनवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। मौसम की बेरुखी से जहां बागवान परेशान हैं वहीं पर्यटन सीजन पर भी इसका असर पड़ा है। पहाड़ों में तापमान सामान्य से 4 से 6 डिग्री अधिक चल रहे हैं। गत तीन माह में प्रदेश में सामान्य से कम वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने जहां आने वाले दिनों के लिए पहाड़ो में चटकदार धूप की संभावना जताई है वहीं मैदानी क्षेत्रों के लिए कोहरे (धुंध) का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने कहा कि प्रदेश में दिन के तापमान में उछाल आया है। दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सुंदर नगर में अधिकतम तापमान 21 डिग्री वही शिमला शिमला में अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस चल रहा है जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। उन्होंने क्या की न्यूनतम तापमान सामान्य चल रहे हैं और आगामी 7 जनवरी तक मौसम साफ बने रहने की संभावना है। संदीप शर्मा ने कहा कि जहां ऊंचाई वाले क्षेत्रों में धूप खिली रहेगी वहीं मैदानी क्षेत्र कांगड़ा, बिलासपुर, मंडी, बद्दी व हमीरपुर के मैदानी इलाकों में धुंध रहने की संभावना है जिससे वाहनों के आवागमन में कठिनाई हो सकती है। वहीं गत तीन माह में सामान्य से कम वर्षा हुई है। दिसंबर महीने में सामान्य से माइन्स 85ः, नवंबर माईनस 47ः व अक्टूबर में भी सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है।उन्होंने कहा कि 8 जनवरी को प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ प्रवेश कर रहा है जिसका असर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में देखने को मिल सकता है जिसके कारण कुल्लू, लाहौल स्पीति, चंबा, किनौर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फ बारी हो सकती है। शिमला में फि लहाल बर्फ बारी के अभी कोई संभावना नही है।

# ट्रक ऑपरेटर यूनियन पांवटा ने नव वर्ष पर अखंड पाठ का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**पांवटा साहिब** में सिरमौर ट्रक ऑपरेटर यूनियन पांवटा साहिब में हर वर्ष की तरह नव वर्ष पर अखंड पाठ आयोजन किया गया। गुरुग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ साहिब के समापन के बाद कीर्तन दीवान सजाया गया, उपरांत अरदास की गई और फिर लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के सभी ट्रक यूनियन पहुंचे व कीर्तन रस का लुत्फ उठाया और साथ ही लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। ट्रक यूनियन पांवटा साहिब



पिछले 40 बर्षो से हर वर्ष एक जनवरी को ये आयोजन करवाती आ रही है।इस दौरान यूनियन को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। यूनियन मे 30 दिसंबर से गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ प्रारंभ कर किया गया। जिसके बाद सोमबार 1 जनवरी को सुबह 9 बजे गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ साहिब का समापन हुआ।

# उच्च शिक्षण संस्थानों व पंचायतों में बनाएं जाएंगे मतदाता पंजीकरण परमानेंट डेडिकेटिड एनरोलमेंट सेंटर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**करसोग में** मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित बनाने व छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करने हेतू सहायक निर्वाचक अधिकारी एवं कार्यवाहक एसडीएम करसोग कैलाश कौंडल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित की गई इस बैठक में एसडीएम ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों व पंचायत सचिवों को छुटे हुए व नए पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों और पंचायतों में मतदाताओं के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी शत.प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के उच्च शिक्षण संस्थानों व पंचायतों में नए पात्र मतदाताओं व छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करने हेतू परमानेंट डेडिकेटिड एनरोलमेंट सेंटर स्थापित किए जाएंगे। शिक्षण संस्थानों में स्थापित इन एनरोलमेंट सेंटरों के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवाओं को चिन्हित कर फॉर्म-6 के माध्यम से उनके नाम मतदाता सूचियों में दर्ज किए जाएंगे ताकि वह आगामी लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

# उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बाल आश्रम मैहला के बच्चों कों गर्म कमल तथा फ ल बांटे

**टीम एक्शन इंडिया/चम्बा/हामिद**

**उपायुक्त एवं** अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसाइटी चंबा अपूर्व देवगन व अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्षा श्वेता देवगन ने साथ मिल कर बाल आश्रम मैहला के बच्चों के साथ मिलकर केक काट कर नवबर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके साथ बच्चों को गर्म कमल तथा फ ल, रिफ्रे शमिनट प्रदान की। इस मौके पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा अमित मेहरा, सहायक आयुक्त विकास एवं भू अधिग्रहण अधिकारी चमेरा निशांत जसवाल, रेडक्रॉस सचिव नीना सहगल, बीडीओ मैहला उपस्थित रहे।

# विश्राम गृह चम्बा में 5 जनवरी को आयोजित होगा भूतपूर्व सैनिकों के लिए चिकित्सा शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**कैप्टन** अनुमेहा पाराशर (सेवा निवृत्त), उपनिदेशक, सैनिक कल्याण कार्यालय चम्बा ने जानकारी देते हुए बताया कि भूतपूर्व सैनिकों, दिवगत सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के स्वास्थ्य चैकअप के लिए 5 जनवरी को जिला सैनिक विश्राम गृह चम्बा में व 9 जनवरी 2024 को जिला सैनिक विश्राम गृह चुवाड़ी में भी चिकित्सा कैंप स्टेशन हैडक्वाटर ईसीएचएस द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कर्नल एसकाने, डा. वाईडी शर्मा (सीएमओ), लाभ सिंह, सुदर्शन कुमार, लैब टेक, जोगिन्द्र सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

# जिला के पेट्रोल पंप ऑपरेटर न्यूनतम रिजर्व बनाए रखे: जिला दण्डाधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**जिला दण्डाधिकारी** एवं उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने आदेश जारी कर बताया कि ट्रक चालकों की हड़ताल के दृष्टिगत जिला के पेट्रोल पंप ऑपरेटरों को आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए पेट्रोल-डीजल का रिजर्व बनाए रखना आवश्यक है ताकि हड़ताल के कारण पेट्रोल-डीजल आपूर्ति की संभावित कमी के दृष्टिगत आपातकालीन एवं आवश्यक सेवा पर असर न पड़े। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप ऑपरेटरों को 25 हजार लीटर से अधिक भंडारण क्षमता के पेट्रोल पंप में 3 हजार लीटर डीजल और 2 हजार लीटर पेट्रोल तथा 25 हजार लीटर से कम भण्डारण क्षमता के पेट्रोल पंप में 2 हजार लीटर डीजल और 1 हजार लीटर पेट्रोल रिजर्व रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई भी डिलर एक समय में 10 लीटर से अधिक रिफ लिंग न करें। अति आवश्यक होने की स्थिति में संबंधित एसडीएम की अनुमति आवश्यक होगी। पेट्रोल-डीजल को किसी भी प्रकार की कंटेनर में भर कर ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी।

# 'ड्राइवर जानबूझकर टक्कर नहीं मारता है और न ही दुर्घटना करता है'

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**जिला मण्डी टैक्सी** ऑपरेटर एसोसिएशन प्रधान महेन्द्र गुलेरिया सरकार द्वारा हीट एंड रन कानून भारतीय न्याय सहिंता अधिनियम 104 (2) के अनुसार जो ड्राइवर को सजा और जुमार्न का प्रावधान किया है के विरोध में जिला मण्डी का सारा का सारा टैक्सी ऑपरेटर और ड्राइवर केन्द्र सरकार के इस काले कानून का सख्ती से विरोध करती है। सरकार की गलत नीतियों के बारे सुधार की मांग करती है कि इस प्रकार के कानून बनाने से पहले व्यवस्था को सही करने की जरूरत है। गाडियों से दुनियाभर की लूटघसिट होती है चाहे टैक्स के रूप में, परमिट के रूप में, एंट्री के नाम पर या इंसोरेंस के नाम पर कई प्रकार से ड्राईवरों और मालिकों को लूटा जाता है। सरकार टैक्स तो लेती है लेकिन सडकों की हालात कागजों पर ही सही है फील्ड में सडकों पर गाडि?ां ड्राइवर कैसे चलाते हैं ड्राइवर को ही पता है। कोई दुर्घटना हो तो गलती केवल ड्राइवर की ही बताई जाती है। सडक की हालात क्या है इससे किसी को लेना देना नहीं। सरकार से यह भी जानना चाहते हैं कि सडकों की चौड़ाई का कोई पैमाना हो तो जाम और दुर्घटना कैसे होगी। न तो एक ड्राइवर जानबूझकर टकर मरता है और न ही दुर्घटना करता है क्योंकि वह तो इसी व्यवसाय से अपना घर परिवार चलाता है, तो आज क्यों इस प्रकार के काले कानून से गरीबों का पेट काटा जा रहा। उन्होंने सरकार में विधायकों से लेकर सांसदों तक को इसी उम्मीद से जीता कर भेजा होता है कि हमारे लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए और हमारे हितों के लिए लड़ सके लेकिन यहां तो उल्टा चल रहा है, लग रहा है कि आज स्थिति ऐसी होगयी है कि बाड ही फ सल को उजाड़ रहा है।

# न्याय संहिता 2023 सेक्शन 104 (2) के प्रति टैक्सी यूनियन हुई उग्र

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

**केंद्र सरकार** द्वारा हाल ही में पारित किया गया न्याय संहिता 2023, सेक्शन 104 (2) जोकि चालकों के लिए बहुत ही गलत वह परेशानी दायक कानून है। जिसमें चालकों के लिए किसी प्रकार की अनहोनी होने पर 7 लाख जुमार्ना 10 साल तक की कैद का प्रावधान रखा गया है बहुत ही गलत वह परेशानी दायक कानून है इसे लेकर आज चैल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन चैल चौक के लगभग 4 दर्जन चालकों ने चल चौक में चक्का जाम वह उग्र आंदोलन किया। 2 घंटे के इस आंदोलन में एंबुलेंस को छोड़ा गया जबकि बाकी सभी प्रकार की




निजी व सरकारी वाहनों को रोका गया। चैल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष गगन कुमार ने इस बाबत उपमंडल अधिकारी नागरिक गोहर के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन भी सौंपा जिसमें इस कानून की कड़ी निंदा की गई उसे तुरंत प्रभाव से हटाने की मांग की गई। चैल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन प्रधान गगन कुमार ने बताया इस कानून की वजह से चालकों के ऊपर कई तरह के

**परेशानी**

**8 सेक्शन 104 (2) जोकि चालकों के लिए बहुत ही गलत वह परेशानी दायक कानून है।**

दबाव पड़ेंगे जिससे वह सही ढंग से ड्राइविंग करने में असमर्थ रहेंगे इसलिए इस कानून को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। आज चल रही हड़ताल के चलते पेट्रोल पंप पर भी लंबी.-लंबी लाइन देखी गई पेट्रोल पंप में पेट्रोल और डीजल तकरीबन समाप्त हो चुका है जिस रोजमर्रा की जिंदगी पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

# आईआईटी मंडी ने ऑटोमेशन में अल्पकालिक प्रमाणपत्र कार्यमों के लिए मंगाए आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**भारतीय प्रौद्योगिकी** संस्थान मंडी के सेंटर फ ॉर कंटिन्यूइंग एजुकेशन ने हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के सहयोग से 15 जनवरी से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ करने की घोषणा की है। ये निःशुल्क कार्यक्रम प्रतिभागियों को मूल्यवान कौशल और ज्ञान प्रदान करने के लक्ष्य से तैयार किये गए हैं और इनसे पेशेवर विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह कार्यक्रम क्षेत्र में शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के समग्र विकास में

**प्रशिक्षण**

**8 एडवांस आईआईटी लैब्स में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और प्लेसमेंट में सहायता प्राप्त करने का भी मौका मिलेगा**

योगदान भी करते हैं। संस्थान द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए आईआईटी मंडी के सेंटर फॉर कंटिन्यूइंग एजुकेशन के प्रमुख प्रोफेसर तुषार जैन ने कहा कि यह कार्यक्रम शिमला के एचपीकेवीएन द्वारा आईआईटी मंडी के सहयोग से प्रायोजित किए जा रहे हैं। ऐसे में हिमाचल प्रदेश के युवाओं को आईआईटी मंडी में वरिष्ठ फैकल्टी के मार्गदर्शन में अध्ययन करने का एक शानदार अवसर मिलेगा और साथ ही उनको एडवांस आईआईटी लैब्स में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और प्लेसमेंट में सहायता प्राप्त करने का भी मौका मिलेगा। यह पाठ्यक्रम इंजीनियरिंग, बीसीए, एमसीए, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और कामकाजी पेशेवरों के लिए उपलब्ध हैं।

# ट्रक चालकों की हड़ताल का पेट्रोल-डीजल और सब्जियों की सप्लाई पर पड़ा असर

## पेट्रोल डीजल की कमी अब सोलन में भी देखने को मिल रही है वहीं दूसरी तरफ सब्जी मंडी में भी सब्जियों के दामों में तेजी देखने को मिली

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**हिट एंड रन** कानून में बदलाव को लेकर लगातार देश भर में ट्रक चालकों द्वारा हड़ताल की जा रही है। वहीं हड़ताल का असर अब पेट्रोल डीजल और सब्जियों की सप्लाई पर भी पड़ने लगा है। पेट्रोल डीजल की कमी अब सोलन में भी देखने को मिल रही है वहीं दूसरी तरफ सब्जी मंडी में भी सब्जियों के दामों में आज तेजी देखने को मिल रही है। सब्जी मंडी सोलन में जहां आलू और प्याज की कीमतें दो दिन पहले कम थी लेकिन ट्रक चालकों की हड़ताल के चलते इन्हीं दामों में आज तेजी देखने को मिल रही है मंगलवार को



सब्जी मंडी सोलन में प्याज रू 23 से रू24 प्रति किलो के हिसाब से बिका है प्याज की सप्लाई इन दिनों मंडी में नासिक और राजस्थान के अलवर से हो रही है। यही प्याज दो दिन पहले सब्जी मंडी सोलन में 18 रुपए से रू 20 प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा था लेकिन हड़ताल होने के चलते दामों में तेजी देखने को मिल रही है वहीं दूसरी तरफ सब्जी मंडी सोलन में आलू इन दिनों ऊना और पंजाब के क्षेत्र से पहुंच रहा है इसके दाम भी दो दिन पहले रू 5 से रू 6 प्रति किलो के हिसाब से किसानों को मिल रहे थे लेकिन आज इसमें भी रू 1 की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।वहीं दूसरी तरफ सब्जी मंडी सोलन में इन दोनों नासिक से टमाटर की सप्लाई हो रही है यह टमाटर 300 से रू 400 प्रति क्रेट के हिसाब से सब्जी मंडी सोलन में बिक रहा था लेकिन ट्रक चालकों की हड़ताल के चलते मंडी में सप्लाई नहीं पहुंच पाई है ऐसे में जो टमाटर मंडी में है वह आज रू 400 प्रति क्रेट से रू 600 प्रति क्रेट तक बिक रहा है। सब्जी मंडी सोलन में आढ़ती बंटी ने जानकारी देते हुए बताया है कि आज आलू प्याज और टमाटर के दामों में तेजी देखने को मिल रही है ट्रक चालकों की हड़ताल का असर भी आज देखने को मिल रहा है क्योंकि सप्लाई मंडी में नहीं पहुंच पाई है आज डबल मंडी है ऐसे में खरीदार भी ज्यादा है लेकिन माल कम होने की वजह से दामों में तेजी देखने को मिल रही है यदि इसी तरह से हड़ताल जारी रहती है तो दामों में और उछाल देखने को मिल सकता है। बता दें कि हिट एंड रन कानून में बदलाव को लेकर ट्रक चालकों के साथ-साथ अब निजी बस चालक भी हड़ताल कर रहे हैं चालकों का कहना है कि कानून में किया गया बदलाव सही नहीं है ऐसे में इसको बदला जाए इसको लेकर ट्रक चालक, निजी बस चालक, टैंकर चालक लगातार हड़ताल कर रहे जिस कारण पेट्रोल डीजल सब्जियों और अन्य खाद्य वस्तुओं की सप्लाई भी नहीं हो पा रही है।

# केन्द्र की फटकार के बाद आनन-फानन में जारी हुई हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**राष्ट्रपति द्वारा** हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने वाला कानून पास होने के बाद भी उसे पांच महीनें तक लटकाए रखना प्रदेश कांग्रेस सरकार की हाटी समुदाय के प्रति नकारात्मक सोच को प्रदर्शित करता है, ये बात प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कही। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार की तरफ से प्रदेश सरकार को इस मामले में फ टकार लगी तो, आनन-फ ानन में प्रदेश की कांग्रेस सरकार अधिसूचना जारी कर दी। चेतन बरागटा ने हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा दिये जाने की अधिसूचना जारी होने पर सभी को बधाई दी, छह दशक से ज्यादा लंबी लड़ाई आज

**लटका था**

**8 कांग्रेस सरकार की हाटी समुदाय के प्रति नकारात्मक सोच को प्रदर्शित करता है**

निर्णायक स्थिति में पहुंची और हाटी समुदाय को उनका हक. मिला। हाटी समुदाय को जनजातीय घोषित करने से इस क्षेत्र की ढाई लाख लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि हाटी समुदाय को उनका हक दिलाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का विशेष योगदान रहा। चेतन बरागटा ने कहा कि कांग्रेस ने हाटी समुदाय को उनके हक.से दूर रखने का हर संभव प्रयास किया। जिस स्पष्टीकरण की मांग को लेकर यह बिल अटकाया गया था उसका पूर्ण स्पष्टीकरण जयराम सरकार के समय बनाए गए ड्राफ्ट में मौजूद था। सरकार की इस लेट लतीफी की वजह से हजारों युवाओं के भविष्य साथ खिलवाड़ हुआ। चेतन बरागटा ने कहा कि जो हक.राजनीतिक रसूख कारण जौनसार बाबर को 56 साल पहले मिल गया था, वह भारतीय जनता पार्टी के कारण आज जाकर हाटी समुदाय को मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीपी नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

# युवक मंडल कुड़ावाला में किया वॉलीबाल टूर्नामेंट

## हिमाचल-हरियाणा-पंजाब से आई 40 टीमों ने लिया हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया/बीबीएन/जोगिन्द्र चन्देल**

**औद्योगिक** नगरी बीबीएन के बरोटीवाला में स्थित कुड़ावाला गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति युवक मंडल कुड़ावाला द्वारा 24वें वॉलीबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ बलविन्द्र ठाकुर द्वारा किया गया। टूनार्मेंट में हिमाचल के साथ-साथ पंजाब- हरियाणा से आई लगभग 40 टीमों ने हिस्सा लिया, प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भी अपने खेल का प्रदर्शन दिखाया अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में गुरविंदर सिंह, विक्की, प्रिंस भारद्वाज, अक्षय कापटा, प्रिंस कौंडल तथा गगन ने अपना खेल प्रदर्शन दिखाया। टूनार्मेंट में एक पंचायत प्रतियोगिता में 22 टीमों के लगभग हिस्सा लिया ओर एक पंचायत प्रतियोगिता में महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय संगोली नें यमुनानगर की टीम को फाईनल में हरा कर प्रथम स्थान हासिल किया साथ ही औपन प्रतियोगिता में पंजाब पुलिस की टीम ने जगदेव कलां अमृतसर की टीम को हरा कर प्रथम स्थान हासिल किया। ओपन प्रतियोगिता में 14 टीमों के करीब भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 2023 रात में शुरू हुआ और 2024 में खत्म हुआ प्रतियोगिता के अंत में मु य अतिथि विधि चंद राणा ने सभी को नव वर्ष कि शुभकामनाएं दी और खिलाड़ियों को पुरुस्कार दिये साथ ही इस अवसर पर विधि चन्द राणा ने युवाओं को स बोधित करते हुये कहा कि आज का युवा वर्ग नशे के दलदल में फंसता जा रहा है जिससे की युवा वर्ग को एसे कृति से बचना चाहिये तथा पढ़ाई और खेलकूद में बढ़-चढ़ कर अपना दमखम दिखाना चाहिये जिससे कि एक अच्छे राष्ट्र निर्माण की और देश को ले जाया जा सके और युवा अपने अच्छे भविष्य की और जा सके क्योंकि आज का युवा वर्ग की राष्ट्र का भविष्य है यदि इसी प्रकार देश का युवा वर्ग नशे की चपेट में आता रहा तो एक अच्छे राष्ट्र निर्माण की कल्पना बहुत ही कठिन है। साथ ही विधि चन्द राणा नें युवक मंडल कुड़ावाला को शाबाशी देते हुये कहा कि इसी प्रकार प्रत्येक गांव व पंचायत में खेल प्रतियोगितायें होती रहनी चाहियें ताकि देश का युवा नशे की तरफ ध्यान न देकर इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग ले। इसी बीच अतिथि रहे राजीव मेहता, रमन चौहान, मनु पंण्डित, राजीव नेगी, संजीव ठाकुर, ललित ठाकुर पूर्व विधायक परमजीत सिंह प मी, मण्डल अध्यक्ष मान सिंह मेहता, जोगिन्द्र चन्देल, संजीव चौधरी(संजू), कालूझिंडा पंचायत की प्रधान कल्पना रनौत, राज कुमार चौधरी विशेष रूप पर उपस्थित रहे।

# राजेश धमाणी को मंत्री पद मिलने पर एनआईटीए हमीरपुर एलुमनी एसोसिएशन शिमला चैपटर ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**राजेश धमाणी एनआईटी** हमीरपुर के एलुमनी है, उनको मंत्री पद मिलने पर एनआईटीए हमीरपुर एलुमनी एसोसिशन शिमला चैपटर द्वारा बधाई दी गई। चैपटर के पदाधिकारियों ने आज धमाणी के हिमाचल प्रदेश सचिवालय कार्यालय में उनसे मिलकर उन्हें बधाई दी और उन्हें उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एलुमनी एसोसिएशन से चीफ इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग, शिमला एसपी जगोता, चीफ इंजीनियर, हिमुडा सुरेंद्र वशिष्ठ, अपर सहायक आयुक्तण, एक्सा ईज, शिमला मोहित शुक्ला, जीएम, एसजेवीएन, जसवंत कपूर, डीजीएमए एचपीपीसीएल, सुशील शर्मा, डीजीएम, एसजेवीएनए सौरभ राज सूद, आशीष कौशल, अजय चौहान, रश्मीश सिपैया और लभ्यशील सिपैया उपस्थित रहे। इस अवसर पर एलुमनी एसोसिशन के शिमला चैपटर ने निकट भविष्य में एक राज्यों स्तसरीय सम्मेलन आयोजित करने का भी निर्णय लिया।

# घुमारवीं के टिक्करी वार्ड में फेंका जा रहा है शहर का कूड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

**घुमारवीं** उपमंडल के तहत नगर परिषद के क्षेत्र मे वार्ड टिककरी के पास कोर्ट के साथ ही सडक के किनारे कूड़ा फैंका जा रहा है। जहाँ पर कूड़े के ढेर लगे है। जो आने जाने वाले लोगो को बीमारी का घर बन चुका है। हैरान होने का पहलू है कि नगर परिषद प्रशासन मूक बैठा है। जिसे कोई परवाह नही है। ना ही नगर परिषद के इसकी व्यवस्था बना रहे है। जबकि नगर परिषद का मतलब है कि शहर को साफ -सुथरा रखना है। समाज सेवी लोगों में से घुमारवीं पंचायत के पूर्व प्रधान अरविंद महाजन, कमलेश कुमार, कमल कुमार, जगदीश कुमार, समाज सेवी रूप लाल



महाजन आदि कई समाज सेवी लोगो का कहना है कि नगर परिषद में बाहर के कुछ लोग जो किराये पर भी रहते है जिन्हें अपना कूड़ा फैकने के लिये जगह नही होती है और वो लोग अक्सर इस सारे घर के कूड़े को और कुछ लोगो द्वारा जो अपना रोजमर्रा का कार्य करते है। वो भी व्यर्थ कूड़ा जो रहता है उस सबको इक्कठा करके बोरियों में भरकर उपरोक्त स्थान में फैंक देते है। जिन पर कोई लगाम नही है। और न ही नगर परिषद ने ऐसा कोई इंतजाम नही किए है। जिस कारण यह सारी समस्या लोगो को उठानी पड़ रही है। इनका कहना है कि अगर यही हालत रहे तो इलाके में गम्भीर बीमारी फैल सकती है। इन्होंने प्रशासन विभाग से मांग की कि इस पर शीघ्रता से कदम उठाकर उपरोक्त स्थान पर कूड़ा फैकने वाले पर सख्त करवाई करे और नगर परिषद को आदेश दें कि कूड़े का प्रबंध करे।

# आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करने में सरकार असफल: शौरी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**आपदा का दौर** बीते छः माह का समय हो चुका है, परन्तु अभी भी आपदा से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए दावों की फाइलें विभिन्न कार्यालयों में धूल फांक रही हैं। कांग्रेस सरकार की फि जूलखर्ची व आर्थिक कुप्रबंधन के कारण प्रदेश आर्थिक संकट के दौर में पहुंच चुका है। प्रदेश की खकाब आर्थिक स्थिति का हवाला दे देकर यह सरकार बारह माह में बारह हजार करोड़ का ऋ ण ले चुकी है। यह बात बंजार



विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी में सरकार की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कही। अपनी दी हुई गारंटियों को लेकर सरकार जनता के बीच घिरती हुई नजर आ रही है। केंद्र सरकार से मिल रहे बजट व प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंर्तगत सडकों के उन्नयन की स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास कर सरकार वाहवाही लूटने की कोशिश कर रही है। जनता के बीच अपनी मौजूदगी दिखाने के लिए कांग्रेस पदाधिकारी सरकार व संगठन में वर्चस्व की लड़ाई लड़ते हुए नजर आ रहे हैं। पूरे प्रदेश में सडकों की खराब हुई हालत व धवस्त हुए विभिन्न भवनों की मुरम्मत व पुनर्निर्माण की और सरकार आंखें मूंदे बैठी है।

# 7 को होगा जूनियर महिला नेशनल हैंडबाल टीम का ट्रायल: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर** आगामी 27 से 31 जनवरी 2024 को बिहार के सारण जिला में आयोजित होने वाली 45वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली हिमाचल प्रदेश की टीम की चयन प्रक्रिया का आयोजन आगामी 7 जनवरी, 2024 को सुंदरनगर के एमएलएसएम महाविद्यालय में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। अध्यक्ष भरत साहनी एवम महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बिहार हैंडबॉल संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की वह सभी बोनाफाइड खिलाड़ी भाग लें।

# चिट्टे के एक मामले में पुलिस ने दिल्ली से एक नाइजीरियन गिरफ्तार किया



**टीम एक्शन इंडिया /सोलन/मनीष**

**सोलन पुलिस** लगातार नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम छेड़े हुए है इसको लेकर बाहरी राज्यों में भी सोलन पुलिस धरपकड़ कर रही है। इसी कड़ी में सोलन पुलिस ने एक और नाइजीरियन को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एसपी सोलन गौरव सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि 17 दिसंबर को पुलिस थाना सदर में पुलिस ने एक चिट्टे का मामला दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने निरमंड निवासी दो आरोपियों को 21 ग्राम चिट्टे के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया था जिसको लेकर पुलिस ने एसआईटी गठित की और एक अन्य आरोपी को भी निरमण्ड से गिरफ्तार किया इन आरोपियों के मुख्य नेटवर्क फ इनेंशियल मैनेजर आरोपी जितेंद्र कुमार और विक्रम को पुलिस ने चीका हरियाणा से गिरफ्तार किया था और इस नेटवर्क में पुलिस ने मुख्य सरगना प्रदीप को भी यूपी पुलिस के साथ मिलकर गिरफ्तार किया जो काफ ी लंबे समय से हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में नशा तस्करी कर रहा था। इनसे पूछताछ के दौरान पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया और इस मामले में मुख्य चिट्टा सप्लायर आरोपी नाइजीरियन को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है जो की लाइबेरिया के रहने वाला है और भारत में गैर कानूनी तरीके से रह रहा था इसके पास पासपोर्ट और वीजा भी नहीं है इसको लेकर भी पुलिस ने मामला दर्ज किया है और आगामी जांच की जा रही है उन्होंने बताया कि सोलन पुलिस द्वारा 1 वर्ष में भारी राज्यों के 79 आरोपियों जिम 69 बड़े सप्लायर है।

# लोक लेखा समिति ने सोलन में वर्षा के कारण हुए नुकसान का लिया जायजा

## कार्यकारी सभापति डॉ. हंस राज की अगुवाई में चक्की मोड़ का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**हिमाचल प्रदेश** विधानसभा की लोक लेखा समिति ने उपायुक्त सोलन को निर्देश दिए हैं कि गत वर्ष भारी वर्षा के कारण परवाणु-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग को सोलन जिला में हुए नुकसान के कारण क्षतिग्रस्त पारम्परिक सम्पर्क मार्गों को शीघ्र ठीक करवाएं और यह सुनिश्चित बनाएं कि क्षेत्र में पारम्परिक जल स्त्रोतों का दीर्घ अवधि तक उपयोग हो सके।



समिति ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग को हुई क्षति को जनहित में शीघ्र ठीक करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एवं अन्य विभागों की संयुक्त बैठक शीघ्र बुलाने के निर्देश भी दिए। प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति ने आज यहां कार्यकारी सभापति एवं चम्बा जिला के चुराह के विधायक डॉ. हंसराज की अध्यक्षता में इस विषय पर उपायुक्त सोलन एनएचएआई एवं अन्य विभागों के साथ बैठक कर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की और उचित दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में समिति के सदस्य एवं कांगड़ा जिला के शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया और सदस्य एवं कांगड़ा जिला के इंदोरा के विधायक मलेन्द्र राजन ने भी बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में सोलन जिला के कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति के कार्यकारी सभापति डा. हंस राज ने कहा कि गत वर्ष हिमाचल प्रदेश को आपदा के कारण काफ ी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि आपदा को रोका नहीं जा सकता किंतु समय पर किए गए एहतियाती उपायों से कम किया जा सकता है। इसके लिए विभिन्न विभागोंए स्वयं सेवी संस्थाओं और स्थानीय निवासियों के मध्य बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के क्षेत्र विशेष की भौगोलिक परिस्थिति स्थानीय निवासी बेहतर जानते हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, निर्माण कार्य में स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञों की सहायता लें।

# सोलन में निजी बस चालकों की हड़ताल रही जारी

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**हिट एंड** रन कानून में हुए बदलाव को लेकर लगातार चालक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं देश भर के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। ट्रक चालकों के साथ-साथ निजी बस चालक भी अब धरना प्रदर्शन कर रहे हैं सोलन न्यू बस स्टैंड पर भी सुबह से ही निजी बस न चलने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लोगों को डेढ़ से 2 घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है। इस दौरान लोगों को एचआरटीसी पीआरटीसी और हरियाणा रोडवेज की बसों में सफर करना पड़ रहा है। निजी बस चालकों का कहना है कि जिस तरह



से हिट एंड रन कानून में बदलाव किया गया है वह सही नहीं है और इसके विरोध में वे लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं जब तक सरकार इस कानून को लेकर कोई निर्णय नहीं लेती है तब तक उनका यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा
वहीं बस के लिए इंतजार कर रहे लोगों का कहना है कि उन्हें डेढ़ से 2 घंटे सोलन बस स्टैंड पर बस का इंतजार करते हुए हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सुबह से ही काफी दिक्कतों का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। वही लगातार की जा रही हड़ताल के चलते हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल डीजल की किल्लत होने लगी है जिसको लेकर प्रशासन द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि पेट्रोल पंप मालिक पेट्रोल डीजल की राशनिंग करें। खाद्य आपूर्ति विभाग सोलन जिला के नियंत्रक नरेंद्र धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में 90 पेट्रोल पम्प है और तकरीबन सभी पर पेट्रोल डीजल उपलब्ध है लेकिन प्रशासन द्वारा फिर भी सभी पेट्रोल पंपों को राशनिंग करने के निर्देश जारी कर दिए गए है। बता दें कि देशभर में हिट एंड रन कानून में हुए बदलाव को लेकर चालकों द्वारा स्ट्राइक की जा रही है स्ट्राइक के कारण पेट्रोल डीजल की किल्लत भी अब हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ सोलन में देखने को मिल रही है।

# मंडल हमीरपुर किसान मोर्चा की कार्यकारिणी का हुआ गठन: पृथ्वीराज

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

**भारतीय** जनता पार्टी कार्यालय हमीरपुर में किसान मोर्चा हमीरपुर के मंडल अध्यक्ष पृथ्वीराज शर्मा ने सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर हमीरपुर मंडल किसान मोर्चा की घोषणा की है किसान मोर्चा उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्माए सुरेंद्र शर्माए सुरेश कुमार महामंत्री संजीव ठाकुर, प्रमोद पटेल डूगा किसान मोर्चा मंडल हमीरपुर सचिव राजेश कुमार नवनीत ठाकुर जसवंत रविंद्र कनूगो कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद कार्यालय



सचिव मनोज कुमार मीडिया प्रभारी दया सिंह पठानिया आईटी एवं सोशल मीडिया मनोहर लाल मिश्रा प्रवक्ता प्रीथी चंद इस दौरान मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष पृथ्वीराज शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता प्यारेलाल शर्मा कार्यालय सचिव गजन राम शर्मा कार्यालय शह सचिव होशियार सिंह उपस्थित रहे।

